# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–07 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिन्तांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किया गया है। श्री मोदी ने यह सम्मान मिलने पर आभार व्यक्त किया।

***मैं इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रेसीडेंट प्रबोवो को उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और आज इंडोनेशिया की यात्रा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज सुबह मुझे आदर के साथ इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। यह सम्मान कोटि कोटि भारतवासियों का है। इंडोनेशिया के लोगों की भावनाओं का है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रतापगढ़ में तीन सौ चौरासी करोड़ रूपये से अधिक की लागत की एक सौ ग्यारह विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि इस समय उत्तर प्रदेश में पन्द्रह करोड़ गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन की सुविधा का लाभ मिल रहा है।

***आज गरीब को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमने तो एक ही बात कही, जो मोदी जी ने 2014 में कही थी, कि सबका साथ, सबका विकास का। 10 करोड़ लोगों को यूपी के अंदर आयुष्मान भारत में 5 लाख की स्वास्थ्य कवर उपलब्ध करवाया जा रहा है। हर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में, डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में फ्री में उपचार की व्यवस्था है। उज्ज्वला योजना में हर गरीब के लिए फ्री में रसोई गैस के सिलेंडर, हर गरीब को आवास की सुविधा का लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना। 65 लाख गरीबों को हमने प्रदेश में फ्री में एक–एक आवास उपलब्ध करवाया है। हर गरीब के घर में शौचालय उपलब्ध करवाया है।***

मुख्यमंत्री ने आज ही सुल्तानपुर में आठ सौ उन्नीस करोड़ रूपये की लागत की निन्यानबे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हुए हैं और लाखों युवाओं को रोजगार मिला है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वृक्षारोपण महाभियान–2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी 12 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक ही दिन में 35 करोड़ पौधों का वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ आयोजित किया जाएगा।

***12 जुलाई को इसके लिए हम लोगों ने तिथि तय की है। हर एक घंटे में कहां–कहां पर कोई बड़ा, अच्छा इवेंट हो रहा है, यह भी हम लोग लाइव दिखाएंगे। कितना वृक्षारोपण के लक्ष्य को हमने प्राप्त किया है, इसको भी हम वहां पर बताते हुए जाएंगे, आपको हर टीवी स्क्रीन पर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह सारी चीजें आपके सामने प्रस्तुत होंगी।***

**********

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स गोरखपुर ग्यारह जुलाई को अपना सातवां स्थापना दिवस मनाएगा। एक रिपोर्ट–

***सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डॉ नरेन्द्र कोटवाल स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे। समारोह की अध्यक्षता पद्मश्री प्रोफेसर हेमंत कुमार करेंगे। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण भी होगा। इसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों की एक पत्रिका का विमोचन भी होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए जीएन चौबे गोरखपुर।***

**********

मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र में आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा दिल्ली–दून हाईवे पर उस समय हुआ जब एक कार टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। दौराला के क्षेत्राधिकारी ने हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

***आज दिनांक 7 तारीख को सुबह 6:30 बजे, पीआरवी को सूचना मिलती है कि एक गाड़ी जो अनियंत्रित होकर खाई में गिर पड़ी है, हाईवे से। सूचना पर सभी संबंधित द्वारा मौका–मुआयना किया गया। मौके पर दो लोग मृत पाए गए और दो लोग गंभीर अवस्था में घायल थे, जिनको तुरंत तत्काल इलाज हेतु भेजा गया। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की, एक अन्य व्यक्ति की मृत्यु हो गई। और एक व्यक्ति अभी आईसीयू में भर्ती है, जिसका इलाज अभी चल रहा है।***

**********

प्रदेश के पूर्वी जिलों में बीती रात से ही बारिश के आसार बने हुए हैं। गोरखपुर सहित आसपास के जिलों में कल रात से रुक रुक कर हल्की बूंदाबांदी का क्रम जारी है। इस अंचल में दिन में धूप निकलने के साथ हल्की हवाएं भी चलीं, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत रही। हालांकि पूरे दिन उमस का असर भी बना रहा।

**********